३४ इष्टो ऽविशिष्टः शिष्टेष्टः शिखंडी नहुषो वृषः
क्रोधहा क्रोधकृत्कर्ता विश्वबाहुर् महीधरः
३५ अच्युतः प्रथितः प्राणः प्राणदो वासवानुजः
अपांनिधिरधिष्ठानं अप्रमत्तः प्रतिष्ठितः
३६ स्कंदः स्कंदधरो धुर्यो वरदो वायुवाहनः
वासुदेवो बृहद्भानुर् आदिदेवः पुरंदरः
३७ अशोकस् तारणस् तारः शूरः शौरिर् जनेश्वरः
अनुकूलः शतावर्तः पद्मी पद्मनिभेक्षणः
३८ पद्मनाभो ऽरविंदाक्षः पद्मगर्भः शरीरभृत्
महर्द्धिर् ऋद्धो वृद्धात्मा महाक्षो गरुडध्वजः
३९ अतुलः शरभो भीमः समयज्ञो हविर्हरिः
सर्वलक्षणलक्षण्यो लक्ष्मीवान् समितिंजयः
४० विक्षरो रोहितो मार्गो हेतुर् दामोदरः सहः
महीधरो महाभागो वेगवानमिताशनः
४१ उद्भवः क्षोभणो देवः श्रीगर्भः परमेश्वरः
करणं कारणं कर्ता विकर्ता गहनो गुहः
४२ व्यवसायो व्यवस्थानः संस्थानः स्थानदो ध्रुवः
परर्द्धिः परमस्पष्टस् तुष्टः पुष्टः शुभेक्षणः

(५)

४३ रामो विरामो विरजो मार्गो नेयो नयो ऽनयः
वीरः शक्तिमतांश्रेष्ठो धर्मो धर्मविदुत्तमः

४४ वैकुंठः पुरुषः प्राणः प्राणदः प्रणवः पृथुः
हिरण्यगर्भः शत्रुघ्नो व्याप्तो वायुरधोक्षजः
४५ ऋतुः सुदर्शनः कालः परमेष्ठी परिग्रहः
उग्रः संवत्सरो दक्षो विश्रामो विश्वदक्षिणः
४६ विस्तारः स्थावरस्थाणु प्रमाण बीजमव्ययम्
अर्थोऽनर्थो महाकोशो महाभोगो महाधनः
४७ अनिर्विण्णः स्थविष्ठो ऽभूर् धर्मयूपो महामखः
नक्षत्रनेमिर् नक्षत्री क्षमः क्षामः समीहनः
४८ यज्ञ इज्यो महेज्यश् च क्रतुः सत्रं सतांगतिः
सर्व-दर्शी विमुक्तात्मा सर्वज्ञो ज्ञानमुत्तमम्
४९ सुव्रतः सुमुखः सूक्ष्मः सुघोषः सुखदः सुहृत्
मनोहरो जितक्रोधो वीरबाहुर् विदारणः
५० स्वापनः स्ववशो व्यापी नैकात्मा नैककर्मकृत्
वत्सरो वत्सलो वत्सी रत्नगर्भो धनेश्वरः
५१ धर्मगुब् धर्मकृद् धर्मी सदसत् क्षरमक्षरम्
अविज्ञाता सहस्रांशुर् विधाता कृतलक्षणः
५२ गभस्तिनेमिः सत्त्वस्थः सिंहो भूतमहेश्वरः
आदिदेवो महादेवो देवेशो देवभृद्गरुः

(६)

५३ उत्तरो गोपतिर् गोप्ता ज्ञानगम्यः पुरातनः
शरीरभूतभृद् भोक्ता कपींद्रो भूरिदक्षिणः
५४ सोमपो ऽमृतपः सोमः पुरुजित् पुरुसत्तमः
विनयो जयः सत्यसंधो दाशार्हः सात्वतांपतिः
५५ जीवो विनयितासाक्षी मुकुंदो ऽमितविक्रमः
अंभोनिधिरनंतात्मा महोदधिशयोऽन्तकः
५६ अजो महार्हः स्वाभाव्यो जितामित्रः प्रमोदनः
आनंदो नंदनो नंदः सत्यधर्मा त्रिविक्रमः

५७ महर्षिः कपिलाचार्यः कृतज्ञो मेदिनीपतिः
त्रिपदस् त्रिदशाध्यक्षो महाशृंगः कृतांतकृत्
५८ महावराहो गोविंदः सुषेणः कनकांगदी
गुह्यो गभीरो गहनो गुप्तश् चक्रगदाधरः
५९ वेधाः स्वांगो ऽजितः कृष्णो दृढ़ः संकरषणोऽच्युतः
वरुणो वारुणो वृक्षः पुष्कराक्षो महामनाः
६० भगवान् भगहानंदी वनमाली हलायुधः
आदित्यो ज्योतिरादित्यः सहिष्णुर् गतिसत्तमः
६१ सुधन्वा खंडपरशुर् दारुणो द्रविणप्रदः
दिविःस्पृक् सर्वदृग्व्यासो वाचस्पतिरयोनिजः
६२ त्रिसामा सामगः साम निर्वाणं भेषजं भिषक्
संन्यासकृत् शमः शांतो निष्ठा शांतिः परायणम्
६३ शुभांगः शांतिदः स्रष्टा कुमुदः कुवलेशयः
गोहितो गोपतिर् गोप्ता वृषभाक्षो वृषप्रियः

(७)

६४ अनिवर्ती निवृत्तात्मा संक्षेप्ता क्षेमकृत् शिवः
श्रीवत्सवक्षाः श्रीवासः श्रीपतिः श्रीमतांवरः
६५ श्रीदः श्रीशः श्रीनिवासः श्रीनिधिः श्रीविभावनः
श्रीधरः श्रीकरः श्रेयः श्रीमान् लोकत्रयाश्रयः
६६ स्वक्षः स्वंगः शतानंदो नंदिर् ज्योतिर्गणेश्वरः
विजितात्मा ऽविधेयात्मा सत्कीर्तिश् छिन्नसंशयः
६७ उदीर्णः सर्वतश्चक्षुर् अनीशः शाश्वतस्थिरः
भूशयो भूषणो भूतिर् विशोकः शोकनाशनः
६८ अर्चिष्मान् अर्चितः कुंभो विशुद्धात्मा विशोधनः
अनिरुद्धोऽप्रतिरथः प्रद्युम्नोऽमितविक्रमः
६९ कालनेमिनिहा वीरः शौरिः शूरजनेश्वरः
त्रिलोकात्मा त्रिलोकेशः केशवः केशिहा हरिः

७० कामदेवः कामपालः कामी कांतः कृतागमः
अनिर्देश्यवपुर् विष्णुर् वीरोऽनंतो धनंजय
७१ ब्रह्मण्यो ब्रह्मकृद् ब्रह्मा ब्रह्म ब्रह्मविवर्धनः
ब्रह्मविद् ब्राह्मणो ब्रह्मी ब्रह्मज्ञो ब्राह्मणप्रियः
७२ महाक्रमो महाकर्मा महातेजा महोरगः
महाक्रतुर् महायज्वा महायज्ञो महाहविः
७३ स्तव्यः स्तवप्रियः स्तोत्रं स्तुतिः स्तोता रणप्रियः
पूर्णः पूरयिता पुण्यः पुण्यकीर्तिरनामयः
७४ मनोजवस् तीर्थकरो वसुरेता वसुप्रदः
वसुप्रदो वासुदेवो वसुर् वसुमना हविः

(८)

७५ सद्गतिः सत्कृतिः सत्ता सद्भूतिः सत्परायणः
शूरसेनो यदुश्रेष्ठः सन्निवासः सुयामुनः
७६ भूतावासो वासुदेवः सर्वासुनिलयो ऽनलः
दर्पहा दर्पदो दृप्तो दुर्धरोऽथापराजितः
७७ विश्वमूर्तिर् महामूर्तिर् दीप्तमूर्तिरमूर्तिमान्
अनेकमूर्तिरव्यक्तः शतमूर्तिः शताननः
७८ एको नैकः सवः कः किं यत् तत् पदमनुत्तमम्
लोकबन्धुर् लोकनाथो माधवो भक्तवत्सलः
७९ सुवर्णवर्णो हेमांगो वरांगश् चंदनांगदी
वीरहा विषमः शून्यो घृताशीरचलश् चलः
८० अमानी मानदो मान्यो लोकस्वामी त्रिलोकधृक्
सुमेधा मेधजो धन्यः सत्यमेधा धराधरः
८१ तेजोवृषो द्युतिधरः सर्वशस्त्रभृतांवरः
प्रग्रहो निग्रहो व्यग्रो नैकशृंगो गदाग्रजः
८२ चतुर्मूर्तिश् चतुर्बाहुश् चतुर्व्यूहश् चतुर्गतिः
चतुरात्मा चतुर्भावश् चतुर्वेदविदेक पात

८३ समावर्तो ऽनिवृत्तात्मा दुर्जयो दुरतिक्रमः
दुर्लभो दुर्गमो दुर्गो दुरावासो दुरारिहा
८४ शुभांगो लोकसारंगः सुतंतुस् तंतुवर्धनः
इन्द्रकर्मा महाकर्मा कृतकर्मा कृतागमः
८५ उद्भवः सुन्दरः सुन्दो रत्ननाभः सुलोचनः
अर्को वाजसनः शृंगी जयंतः सर्ववित्जयी

(६)

८६ सुवर्णबिंदुरक्षोभ्यः सर्ववागीश्वरेश्वरः
महाह्रदो महागर्तो महाभूतो महानिधिः
८७ कुमुदः कुंदरः कुंदः पर्जन्यः पावनोः ऽनिलः
अमृताशो ऽमृतवपुः सर्वज्ञः सर्वतोमुखः
८८ सुलभः सुव्रतः सिद्धः शत्रुजित् शत्रुतापनः
न्यग्रोधोदुंबरो ऽश्वत्थश् चाणूरांध्रनिषूदनः
८९ सहस्रार्चिः सप्तजिह्वः सप्तैधाः सप्तवाहनः
अमूर्ति रनघो ऽचित्यो भयकृद् भयनाशनः
९० अणुर् वृहत् कृशः स्थूलो गुणभृन् निर्गुणो महान्
अधृतः स्वधृतः स्वास्यः प्राग्वंशो वंशवर्धनः
९१ भारभृत् कथितो योगी योगीशः सर्वकामदः
आश्रमः श्रमणः क्षामः सुपर्णो वायुवाहनः
९२ धनुर्धरो धनुर्वेदो दंडो दमयिता दमः
अपराजितः सर्वसहो नियंता ऽनियमो ऽयमः
९३ सत्त्ववान् सात्त्विकः सत्यः सत्यधर्मपरायणः
अभिप्रायः प्रियार्होऽर्हः प्रियकृत् प्रीतिवर्धनः
९४ विहायसगतिर् ज्योतिः सुरुचिर् हुतभुग् विभुः
रविर् विरोचनः सूर्यः सविता रविलोचनः
९५ अनंतो हुतभुग् भोक्ता सुखदो नैकजो ऽग्रजः
अनिर्विण्णः सदामर्षी लोकाधिष्ठानमद्भुतः

९६ सनात् सनातनतमः कपिलः कपिरव्ययः

स्वस्तिदः स्वस्तिकृत् स्वस्ति स्वस्तिभुक् स्वस्तिदक्षिणः

९७ अरौद्रः कुंडली चक्री विक्रम्यूर्जितशासनः

शब्दातिगः शब्दसहः शिशिरः शर्वरीकरः

९८ अक्रूरः पेशलो दक्षो दक्षिणः क्षमिणांवरः

विद्वत्तमो वीतभयः पुण्यश्रवणकीर्तनः

९९ उत्तारणो दुष्कृतिहा पुण्यो दुःस्वप्ननाशनः

वीरहा रक्षणः संतो जीवनः पर्यवस्थितः

१०० अनन्तरूपो ऽनंतश्रीर् जितमन्युर् भयापहः

चतुरस्रो गभीरात्मा विदिशो व्यादिशो दिशः

१०१ अनादिर् भूर्भुवो लक्ष्मीः सुवीरो रुचिरांगदः

जननो जनजन्मादिर् भीमो भीमपराक्रमः

१०२ आधारनिलयो ऽधाता पुष्पहासः प्रजागरः

ऊर्ध्वगः सत्पथाचारः प्राणदः प्रणवः पणः

१०३ प्रमाणं प्राणनिलयः प्राणभृत् प्राणजीवनः

तत्त्वं तत्त्वविदेकात्मा जन्ममृत्युजरातिगः

१०४ भूरभुवः स्वस्तरुस् तारः सविता प्रपितामहः

यज्ञो यज्ञपतिर् यज्वा यज्ञांगो यज्ञवाहनः

१०५ यज्ञभृद् यज्ञकृद् यज्ञी यज्ञभुग् यज्ञसाधनः

यज्ञांतकृद् यज्ञगुह्य अन्नमन्नाद एव च

१०६ आत्मयोनिः स्वयंजातो वैखानः सामगायनः

देवकीनंदनः स्रष्टा क्षितीशः पापनाशनः

१०७ शंखभृन् नंदकी चक्री शार्ङ्गधन्वा गदाधरः

रथांगपाणिरक्षोभ्यः सर्वप्रहरणायुधः

१०८ सर्वप्रहरणायुध ॐ नमः इति ॥

नमोऽस्त्वनंताय सहस्र-मूर्तये
सहस्र-पादाक्षि शिरोरु-बाहवे
सहस्र-नाम्ने पुरुषाय शाश्वते
सहस्र-कोटी-युग-धारिणे नमः

आकाशात् पतितं तोयं
यथा गच्छति सागरम्
सर्व-देव नमस्कारः
केशवं प्रति गच्छति ।

हरहे नमः हरहे नमः हरहे नमः

राम-हरि
राम-हरि
राम-हरि

विष्णुसहस्रनाम-माहात्म्य

(विष्णुसहस्रनाम के माहात्म्य के संबंध में विनोबाजी द्वारा समय-समय पर व्यक्त किये गए विचार। 'मैत्री' के सौजन्य से।)

पारायण का लाभ

हम रोज सुबह ईशावास्य का पाठ करते हैं। वह एक उपनिषद ऐसी है, जिसमें पारमार्थिक जीवन का परिपूर्ण स्वरूप थोड़े में रख दिया है। अगर कोई मुझे कहेगा कि तू एक ही ग्रंथ चुन ले, तो मैं ईशावास्य चुनूंगा। मैंने उसपर एक विस्तृत टीका भी लिखी है। कठिन है समझने के लिए, लेकिन पर्याप्त है। परन्तु वह चीज ऐसी है कि रोज प्रार्थना में वह बोलते रहें, उतने से लाभ नहीं होगा। थोड़ा तो होगा, बोलते-बोलते चित्त पर कुछ संस्कार होता रहेगा; परन्तु उस पर चिंतन-मनन करना चाहिए, आचरण में लाना चाहिए, तब उसका लाभ होगा। शाम को हम स्थितप्रज्ञ के श्लोक बोलते हैं। उसमें परिपूर्ण गीता आ जाती है। स्थितप्रज्ञ गीता का आदर्श है। वह शब्द भी गीता का अपना स्वतंत्र शब्द है। उसमें साधक का भी लक्षण बताया है और सिद्ध पुरुष का लक्षण भी बताया है। साधना भी बतायी है और अन्तिम लक्ष्य भी बताया है—एक परिपूर्ण दर्शन है। सिवनी जेल में उस पर व्याख्यान देने का मौका आया था। उसकी 'स्थितप्रज्ञ दर्शन' किताब प्रकाशित हुई है। लेकिन उसके भी चिंतन, मनन, आचरण का सवाल आता है।

परन्तु हम जो विष्णुसहस्रनाम बोलते हैं, उसमें केवल पारायण की ही बात है। वहां तो केवल 'स्मरणमात्रेण' शुद्धि होती है। ऐसे तो सभी नाम एक भगवान के ही हैं। अंत में कहा है :

आकाशात् पतितं तोयं
यथा गच्छति सागरम्
सर्व-देव-नमस्कारः
केशवं प्रति गच्छति।

ब्राह्मण जो संध्या करते हैं, उसमें भी प्रथम नाम केशव ही है। नामदेव को भी केशव नाम अत्यंत प्रिय है। पंढरपुर के विठ्ठल का मूल नाम केशव है। ईंट पर खड़ा है, इसलिए उसको विट्ठल कहते हैं। साररूप केशव नाम प्रसिद्ध है। महाराष्ट्र में विट्ठल नाम प्रसिद्ध है। राम नाम तो है ही। हरि नाम भी है। 'रामकृष्णहरि' तो रूढ़ है। इन सब नामों का जप होता ही है। लेकिन एक ही नाम हजार-हजार बार बोला जाय, तो उसमें मनुष्य को कभी थकान भी आ सकती है। विविधता हो तो थकान नहीं आती। विविध वृक्ष हों, तो देखने में अच्छा लगता है। उसका एक अलग असर होता है। हजार पेड़ हैं, लेकिन एक ही प्रकार के हैं, तो देखते-देखते थकान आ जायगी। वैसे विष्णुसहस्रनाम में एक हजार अलग-अलग नाम हैं, इसलिए उसके पारायण में थकान नहीं आती। उसमें चिंतन-मनन की अपेक्षा नहीं। कोई उसका चिंतन-मनन करे,तो भी लाभ है, न करे और केवल पारायण ही करे तो भी लाभ है।

शंकराचार्य ने अनेक भाष्य लिखे। उनकी प्रस्थानत्रयी तत्त्वज्ञान का आधार है। प्रस्थान यानी आधार। तिपाई को तीन पांव होते हैं, वैसे ये तत्त्वज्ञान के तीन आधार हैं—गीता, ब्रह्मसूत्र और उपनिषद्। ब्रह्मसूत्र और उपनिषद् विद्वत-जनों के लिए हैं। ब्रह्मसूत्र पर शंकराचार्य का जो भाष्य है, वह पढ़ने से शंकाओं का समाधान हो जाता है। लेकिन शंकाशील की शंकाओं का समाधान करने की सामर्थ्य उसमें है, वैसे शंकाशून्य भक्त के मन में अनेक शंकाएं पैदा करने की सामर्थ्य भीउसमें पड़ी है। शंकराचार्यने अनेक भाष्य लिखे,लेकिन आखिर,सामान्यजनों के लिए स्तोत्र लिखे, उसमें क्या कहा? 'गेयं गीता-नामसहस्रम्' कहा। प्राचीन काल में सहस्रनाम नहीं कहते थे, नामसहस्रम् कहते थे। 'नाम्ना सहस्रम्' यह प्राचीन संस्कृत पद्धति हुई। बचपन में मैंने 'गेयं गीतानामसहस्रम्' पढ़ा, तब मुझे उसका यह अर्थ मालूम नहीं था। गीता का ही नाम हजार बार बोलना, ऐसा अर्थ मैं समझा था। बाद में संस्कृत का ज्ञान हुआ, तब सही अर्थ ध्यान में आया। शंकराचार्य महान ज्ञानी, लेकिन सामान्यजनों से बात करने का मौका आया, तब

उन्होंने गीता और विष्णुसहस्रनाम की बात की। यह क्यों किया? इसलिए कि लोगों में भक्तिभावना होती है, उस भक्तिभावना को दृढ़ करना होता है। सामान्य लोगों के लिए यही परमार्थ का साधन है। उनके सिर पर ज्ञान लाद कर यह नहीं कर सकते। तुकाराम ने कहा, ये हजार नाम हमारे हजार हथियार हैं। उन्होंने अपनी कन्या की शादी करायी,तो दामाद को दहेज के रूप में क्या दिया? अपने हाथ से लिखी विष्णुसहस्रनाम की प्रति दी। तो विष्णुसहस्रनाम का पारायण करने से ही लाभ हो जाता है।

पारायण में जो लाभ होता है उसमें प्रकट लाभ तो है ही, लेकिन मुख्य लाभ है वह गूढ़ लाभ है। प्रकट लाभ यह है कि वाणी जरा स्वच्छ होती है,पढ़ना आता है और गूढ़ लाभ यह है कि पारायण में स्नान हो जाता है। नदी में स्नान करने से शरीर को जैसे आपादमस्तक ठंडक पहुंचती है, वैसे ही पारायण करने से। उससे केवल बुद्धि को या वाणी को ही लाभ है, ऐसा नहीं, वह सर्वांगीण स्नान है।

पारायण का दूसरा लाभ है कालक्षपणहेतवः। काल कैसे जायगा? जेल में मैं जमनालालजी के साथ शतरंज खेलता था। बचपन में मुझे शतरज का शौक था। खूब खेलता था। एक दिन रात को सपने में शतरंज आया, तो मैंने दूसरे दिन से शतरंज खेलना छोड़ दिया। मैंने सोचा, जब यह सपने में आता है, तो हम पर आक्रमण कर रहा है, इसलिए अब उसको छोड़ ही देना चाहिए। लेकिन उस खेल के लिए मेरे मन में आदर है। गंजीफा में नसीब पर ज्यादा निर्भर रहता है। शतरंज में बिल्कुल आमने-सामने सेना खड़ी होती है, खुले दांव चलते हैं। जेल में दूसरा उद्योग था नहीं, तो खेलना आरम्भ किया। वे बहुत अच्छे खेलते थे। मैं ऐसे ढंग से खेलता था कि उनकी जीत हो जाती थी। एक दिन बोले, आप पूरा ध्यान लगाते हुए दिखते नहीं। आखिर एक दिन पूरा ध्यान लगाया। उन्होंने भी लगाया। न वे हारे, न मैं हारा। तब मैंने कहा, दूसरे दिन तक दांव रखना ठीक नहीं, या आप हारने की तैयारी करिए या मैं कर रहा हूं।

एक दफा, मैंने कृत्रिम दांत रखे थे। उस समय मैं दिल्ली में था। एक दिन मावलंकर मुझे मिलने के लिए आये। मैं दांत साफ कर रहा था। १५-२० मिनट लगे उस काम के लिए। बाद में उन्होंने मुझे लिखा, "वह काम तो दूसरा कोई मनुष्य भी कर सकता था। और आप उस समय का उपयोग दूसरे काम के लिए कर सकते थे। आपका इतना समय रोज उसमें क्यों जाना चाहिए?" मैंने

जवाव में उनको लिखा, "जिस समय चित्त निर्विकार रहता है, उस समय को मैं सार्थक मानता हूं। जिस समय चित्त में विकार आये, फिर चाहे कोई भी काम करते हों, वह समय वेकार गया, ऐसा मानता हूं।" उन्होंने इसका जवाव दिया कि आज हमें नयी दृष्टि मिल गई। तो जो भी काम हम करते हैं, उसमें चित्त निर्विकार रखने का अभ्यास करना चाहिए। पारायण से इसको मदद मिलती है।

सामूहिक पारायण का और लाभ होता है। प्राचीन पुराणों में ऋषियों की तपस्या का जिक्र आता है। फलाने ऋषि ने हजार उपवास किये। इसका क्या मतलब ? गांधीजी ने २१ दिन के उपवास किये थे। मैंने भी उनके साथ उपवास किये। मेरा और उनका वैसा करार ही था। उनके उपवास की खवर एक दिन देरी से मुझे मिली, इसलिए मेरे २० दिन के उपवास हुए। उस वक्त मैंने एक विचार रखा था कि मान लीजिए, गांधीजी ने २१ दिन के उपवास किये और हजार लोगों ने उनके साथ उपवास किये, तो पुरानी भाषा में कहा जायगा कि गांधीजी ने २१,००० उपवास किये। १००० लोगों ने सामूहिक उपवास किये और जिसकी प्रेरणा से उपवास किये उसका नाम लिया जायगा। फलाने ऋषि ने १,००० उपवास किये, ऐसा हम पढ़ते हैं,तो हमको वड़ाअजीव लगता है। लेकिन उसका मतलव यह है कि जिस ऋषि की प्रेरणा से उपवास किये, उनके नाम पर सारे उपवास माने गए। यह भाष्य मुझे उस वक्त सूझा। तवतक माना जाता था कि पुराने लोगों को वड़े-वड़े आंकड़े सुनाने की आदत है, वह हमारे उपयोग की वात नहीं। लेकिन वह सामूहिक उपासना का चिह्न है। 'शतं वैखानसाः'। सौ तपस्वियों ने मिलकर सूक्त वनाया। २५-३० मंत्रों का सूक्त है। जंगल में नग्न तपस्या करनेवाले ऋषि थे। उनका नाम वैखानस। 'शतं वैखानसाः' का क्या मतलव ? मतलव, एक मुख्य मनुष्य होगा, वह सूक्त वनाता होगा, वाकी लोग वैठते होंगे। चर्चा होती होगी, अर्थ होता होगा, आवश्यक फरक होता होगा—सामूहिक सूक्त वनता होगा सव ऋषियों की मदद से।

वैसे ही पारायण की वात है। हम यहां रोज मान लें, २० लोग विष्णुसहस्र-नाम का पारायण करते हैं, तो रोज हमारे २० पारायण होते हैं, महीने में ६०० पारायण होते हैं। यह सामूहिक उपासना की पद्धति है। सामूहिक ध्यान, सामूहिक पारायण, इसका एक विशेष महत्त्व है।○

अविरोध-साधक

विष्णुसहस्रनाम के भक्तों के लिए खास सिफारिश शंकराचार्य की ओर से की गई है। उसका एक कारण यह है कि वह सर्वसंग्राहक है। हिन्दुस्तान में जितने पन्थ हैं, उन सबकी तरफ समान दृष्टि से देखता हैं। उन सबमें अविरोध पैदा हो, उनकी एकता हो, समन्वय हो, ऐसी शक्ति विष्णुसहस्रनाम में पड़ी है। विष्णु के सहस्र नाम हैं, इसलिए वैष्णवों का समाधान होता है। शिव, स्थाणु, ऐसे भगवान शंकर के नाम उसमें हैं, तो शैवों का समाधान हो गया। सिद्धार्थ गौतम बुद्ध का नाम ", तो बौद्धों का उल्लेख हो गया। वर्धमान महावीर का नाम है, तो जैनों का संग्रह हो गया। स्कंद यानी कार्तिकस्वामी, उनका एक स्वतन्त्र पन्थ है। उन दिनों सूर्य की भक्ति करनेवाले लोग थे। सूर्य का तो विष्णुसहस्रनाम में अनेक बार उल्लेख आया है। अग्नि का भी नाम है, जिससे अग्निपूजकों का समाधान होता है। विनायक—गणपति का भी उल्लेख है—ज्योतिर्गणेश्वरः। शंकराचार्य ने इसकी व्याख्या की, "तारकाओं का ईश्वर।" लेकिन ज्योतिः गणेश्वरः, इस तरह अलग-अलग लें, तो गणेश्वर यानी गणपति, विनायक ऐसा अर्थ होता है। इस प्रकार भिन्न-भिन्न धर्मपन्थों का उल्लेख उसमें है।

इसपर कोई भी पूछ सकता है कि विष्णुसहस्रनाम तो इतना पुराना है,उसमें गौतम बुद्ध का नाम कैसे आया? विष्णुसहस्रनाम महाभारत में आया है यानी पांच हजार साल पुराना है और गौतम बुद्ध तो सिर्फ ढाई हजार साल पहले का है? इसका उत्तर यह है कि शब्द पुराना है। हम राम कहते हैं। राम कौन? दाशरथी राम तो है, लेकिन भार्गवी राम भी है। परशुराम भी है। बाद में बल-राम भी आया,और यहां अपना रामभाऊ भी है। तो रामभाऊ से लेकर परशुराम तक शब्द चला। मतलब राम शब्द बहुत पुराना है। सबके अन्तर में जो राम है, उसका नाम दशरथ ने अपने पुत्र को रखा। उसी तरह सिद्धार्थ नाम है। गौतम बुद्ध को उसके पिता ने जो नाम रखा, वह प्राचीन काल से चला आया शब्द था। शब्द पुराना है। इस तरह सब पंथों के नाम विष्णुसहस्रनाम में समाविष्ट हैं। परिणाम यह हुआ कि उन दिनों जो वाद थे, झगड़े थे, पंथ थे, वे सब मिट गये विष्णुसहस्रनाम में।

इस बात की तरफ माधवदेव ने सबका ध्यान बहुत अच्छी तरह से खींचा है:

विष्णुर सहस्र नाम थाकंतो जिव्हाए
ताक एरि। सदा विरोध वचन मात्र रटय।

कहते हैं, कैसे मूरख लोग हैं। विष्णु के सहस्र नाम बोलते हैं, फिर भी एक-दूसरे के विरुद्ध वचन बोला करते हैं, सदा विरोधी वचन मात्र रटते हैं। यह उसका दोष कहता है, वह इसका दोष कहता है। 'विष्णुसहस्रनाम होतेहुए भी' कहा, मतलव, विष्णुसहस्रनाम अविरोध-साधक है। जो लोग रोज विष्णुसहस्रनाम गाते हैं, उनके मुख से कभी विरोधी वचन नहीं निकलना चाहिए, ऐसी अपेक्षा होती है।

इतना व्यापक विष्णुसहस्रनाम! लेकिन क्या आज वह अव्यापक हो गया है? आज भारत का सम्बन्ध सिर्फ जैन, बौद्ध, इनसे ही नहीं, पारसी यहूदी, ईसाई, मुसलमान इनसे भी आया है, तो इनका सम्बन्ध विष्णुसहस्रनाम में बताना क्या शक्य होगा? बाबा ने नाममाला बनायी। उसके तीन श्लोकों में दुनिया-भर के धर्मों के मुख्य-मुख्य नाम आ जाते हैं। यह्व यहूदियों का नाम, मज्द पारसियों का नाम, ईशु-पिता (ईशु यानी जीसस का पिता भगवान) ईसाइयों का नाम, रहीम मुसलमानों का नाम, ताओ चीनियों का नाम, इस प्रकार सब धर्मों के नाम उसमें आ गये। उसके तीन श्लोक भारत-भर में लोकमान्य हो गए हैं, केरल से असम तक। आज केवल भारतीय विचारों के समन्वय से काम पूरा नहीं होता, दुनिया में दूसरे अनेक धर्म हैं, उन सबका समन्वय करना चाहिए, इसलिए हमने ये तीन श्लोक बनाये। लेकिन अगर किसी के मन पर यह असर पड़ा हो कि विष्णुसहस्रनाम की पूर्ति बाबा ने की, तो वह असर गलत है। विष्णुसहस्रनाम में ऐसी सामर्थ्य है कि वह दुनिया-भर के विचारों का समन्वय करता है, शब्दतः नहीं, अर्थतः। कोई यह अपेक्षा करता हो कि विष्णुसहस्रनाम में फारसी के या अरबी के शब्द हों, तो यह अपेक्षा ठीक नहीं होगी। नाम माला में हमने मज्द, यह्व, रहीम कह दिया, तो आज के जमाने में, भिन्न-भिन्न धर्मवालों को वह रुचिकर हो सकता है इतना ही, लेकिन रुचिकर होने के अलावा और कोई देन उससे विष्णुसहस्रनाम में जोड़ी गई है, ऐसा नहीं।

विष्णुसहस्रनाम प्राचीन ग्रन्थ है, एक द्रष्टा का ग्रन्थ है, अर्थतः सब धर्मों का सार उसमें है। इस्लाम क्या कहता है? अल्लाहुनुरुस्समावाति वल अरद्—अल्लाह प्रकाश है—आसमान का। विष्णुसहस्रनाम में देखिए, प्रकाशात्मा प्रतापनः (प्रकाश देनेवाला, तपानेवाला) कहा है। अल्लाहुनुरुस्समावाति से वे जो

कहना चाहते हैं, वही प्रकाशात्मा प्रतापनःमें मिलेगा। फिर अल् मिलकु—भगवान मालिक है। विष्णुसहस्रनाम में है लोकस्वामी त्रिलोकधृक्—तीन लोकों को धारण करनेवाला, तीनों लोकों का स्वामी। अल् मिलकु का ही यह अर्थ है। अर्थतः दोनों शब्द एक ही हैं। अब कोई यह अपेक्षा करे कि अल् मिलकु शब्द ही विष्णुसहस्रनाम में आना चाहिए, तो उसे महामूर्ख खिताब देना होगा। क़ुर्आन में और नाम हैं, क़ुद्दूसु यानी शुभ, पवित्र और सलाम यानी शांति। विष्णुसहस्रनाम में है, शुभांगः शांतिदः। इसमें क़ुद्दूसु भी आ गया और सलाम भी आ गया। इस्लाम का एक अत्यन्त प्रसिद्ध नाम है गफ्फार। गफ्फार यानी क्षमिणांवर यानी अत्यन्त क्षमा करनेवाला। मामूली क्षमा नहीं, अत्यन्त क्षमा। गफ्फार का संस्कृत तर्ज़ुमा करना हो तो क्षमिणांवरः ही होगा। यह विष्णुसहस्रनाम का शब्द है। इस्लाम में भगवान के ९९ नाम माने गये हैं। अर्थतः विचार किया जाये, तो उसमें से बहुत सारे नाम आपको विष्णुसहस्रनाम में मिल जायेंगे।

मैंने कभी यह भी कहा कि क्रिश्चनिटी में ट्रिनिटी (त्रि-तत्त्व) की कल्पना है, वह विष्णुसहस्रनाम में भी है। ईसाई मानते हैं कि विश्व में ट्रिनिटी है—ईसा-मसीह, पवित्र आत्मा और परमात्मा। वही विष्णुसहस्रनाम में है, पूतात्मा परमात्मा च मुक्तानांपरमागतिः। ईसाइयों की ट्रिनिटी इसमें आ जाती है।

यहूदियों का शब्द है यह्व। यह्व यानी अत्यन्त बलशाली—समर्थ, महाबुद्धिः महावीर्यः महाशक्तिः महाद्युतिः, इन सबमें यह्व का अर्थ आ जाता है। यह्व और शक्ति एक ही है।

पारसियों का शब्द है मज्द। मज्द जो होता है, वह महान होता है। महत् का मज्द बना। यह फारसी रूप है। वेद में महत् शब्द आया है—महत् देवानां असुरत्वमेकम्—सब देवों में एक परमेश्वर महान है। असुर यानी राक्षस नहीं, असुर यानी परमेश्वर। पारसियों के नाम हैं, अहुरा मज्दा—महान परमेश्वर। विष्णुसहस्रनाम में है—गुणभृन् निर्गुणो महान्—सब गुणों का धारण करने वाला, उन गुणों से परे महान। यह वर्णन किसी भी पारसी और यहूदी को सुनाया जाय, तो वे उसे सहज स्वीकार करेंगे।

ये मिसालें मैंने इसलिए दीं कि ध्यान में आ जाय कि विष्णुसहस्रनाम में सब धर्मों का समन्वय करने की पूर्ण सामर्थ्य है। इसलिए मेरी बहुत श्रद्धा है विष्णुसहस्रनाम पर। तरह-तरह के अर्थ इसमें से निकल सकते हैं।

संस्कृत में यह सामर्थ्य है। संस्कृत शब्द जितना रस खींचा जा सकता है उतना खींच लेता है। कृष्ण शब्द का अर्थ देवकी का लड़का ऐसा किया, तो वह गलत होगा। कृष्ण यानी प्रेम से आकर्षण करनेवाला। उसमें कृष् (खींचना) धातु है। राम का अर्थ दशरथ का बेटा करना गलत होगा। राम यानी सबके हृदय में रमनेवाला, सत्यस्वरूप, अधिष्ठानरूप परमात्मा। हरि यानी दुःखों का हरण करनेवाला, कल्याणमय, प्रेममय कृष्ण, सत्यमय राम, करुणामय हरि। इस प्रकार अर्थ करेंगे, तो हमने ठीक अर्थ किया, भगवान व्यास की कल्पना के अनुरूप अर्थ हमें मिला।

विष्णुसहस्रनाम की प्रस्तावना में भगवान व्यास ने लिखा है, यानि विख्यातानि गोणानि नामानि—परमात्मा के जो विख्यात और गौण नाम हैं, वे हम यहां दे रहे हैं। गौण का हिंदी या मराठी में जो अर्थ होता है, वह यहां नहीं है। मुख्य-गौण के अर्थ में गौण नहीं कहा है। संस्कृत में गौण का अर्थ है गुणवाचक। विख्यातानि यानी अत्यंत प्रख्यात। विख्यात है, का मतलव है कि ये सारे नाम वेद-उपनिषद आदि ग्रंथों में प्रचलित हैं। वहीं से लेकर इकट्ठे किये हैं। प्रत्येक नाम गौण यानी गुणवाचक है, यह ध्यान रखना होगा। भगवान के गुण कितने हैं? लाख भी हैं, कोटि भी हैं, अनंत भी हैं। तुलसीदासजी लिखते हैं, राम कैसा है? 'राम अनंत-अनंत नामानि' राम अनंत हो गये। ठीक यही बात बचपन में हमने पढ़ी थी। रामदासस्वामी ने लिखा है—'चौबीस नामी। सहस्रनामी। अनंतनामी। तो अनामी।' ब्राह्मण संध्या करते हैं, उसमें भगवान के चौबीस नाम आते हैं और विष्णुसहस्रनाम में हजार नाम हैं। वह ध्यान में लेकर कहा। और उसके नाम विष्णुसहस्रनाम में ही सीमित हैं, ऐसा तो है नहीं, इसलिए अनंतनामी कहा और आखिर कहा अनामी। उसको कोई भी नाम लागू नहीं होता। वह कैसा है? अंतर्यामी जो विवेके ओळखावा। वह अंतर्यामी है, पहचानने की बात है। वास्तव में वह अनामी है, यानी कोई भी नाम उसे लागू नहीं होता। वह सब नामों से परे है।

ठीक यही बात विष्णुसहस्रनाम में आती है—शब्दातिगः शब्दसहः। भगवान कैसे हैं? शब्द के उस पार हैं। शब्द सहन करते हैं। 'विश्वं विष्णुः' कहने से भगवान की निंदा होती है, लेकिन वह सहन करता है। ज्ञानदेव महाराज ने लिखा है, 'स्तुति ते तुझी निंदा। स्तुति जोगा नव्हेसि गोविंदा।' हम तेरी स्तुति करते

हैं, पर वास्तव में तेरी निंदा होती है, क्योंकि हम अपने शब्दों में तुम्हारा वर्णन करते हैं और तुम तो शब्द से परे हो। बच्चा कुछ-न-कुछ बोलता रहता है। 'राम-राम' नहीं बोल सकता, तो 'लाम-लाम' कहता है और मां 'शाबाश' कहती है। वैसे हमारा जो कुछ उच्चारण होता है शब्द में, उसे भगवान सहन कर लेते हैं। शब्द में तो वे आ नहीं सकते, परंतु हम लाते हैं। शब्द में आना, यानी नीचे उतरना। फिर भी वे सहन करते हैं।

शब्दातिगः शब्दसहः

शब्द के उस पार हैं, फिर भी शब्द को सहन करते हैं। ○

सर्वलक्षणलक्षण्यः

विष्णुसहस्रनाम में एक नाम है, 'सर्वलक्षणलक्षण्यः।' यह जो नाम है, वह ऐसा है कि भगवान के जितने भी नाम होंगे, वे सब-के-सब इसमें आ जाते हैं। ऐसा एक सर्वसमावेशक नाम दे दिया, सर्वलक्षणलक्षण्यः, जिसका अर्थ है सर्वलक्षणों से लक्षित होनेवाला। यही ध्यान में लेकर तुकाराम ने कहा था, 'तुका म्हणे जे जे बोला, ते ते साजे या विट्ठला।' इस विट्ठलके बारे में जो भी बोलेंगे, वह सब-का-सब उसे शोभा देगा। जितने भी लक्षण बोलो, परस्पर विरोधी भी बोलो, सभी ठीक ही हैं। जो भी नाम हो, वह भगवान का है। भगवान सिंह है, गरुड़ है, वृषभ यानी बैल है। सिंहः सुपर्णः वृषभः ऐसे अनेक पशुओं के नाम भी विष्णुसहस्रनाम में आये हैं। उसी तरह, ओदुंबर, अश्वत्थ, वट ऐसे वृक्षों के नाम भी आये हैं। जितने वृक्ष होंगे, सब भगवान हैं। पशुओं के नाम लिये, पक्षियों के नाम लिये, वृक्षों के नाम लिये, सब भगवान के नाम हैं। मतलब, गुणरूपेण, अंशरूपेण, भगवान इन सबमें है। तुकाराम ने एक बार कहा, "हे भगवान, आज तुझपर मुझे बहुत गुस्सा आया है, तो मैं आज तुझे गाली दूंगा।" यों कहकर गाली देना आरंभ किया, तो क्या कहा ? "बैल तू देवा भारवाही।" भगवान का यह नाम भी विष्णुसहस्रनाम

में आया है—भारभृत्। भारभृत यानी भार वहन करनेवाला। भार वहन करने-वाला बैल भी हो सकता है, गधा भी हो सकता है। भगवान सबका भार उठाने-वाला है। भगवान के ही सब रूप हैं। इस तरह से अनंतरूपी भगवान हैं।

रामानुज ने एक बहुत ही सुंदर विचार दिया है। भाषा में जितने शब्द हैं, सब-के-सब भगवानवाचक हैं। कोष में जितने शब्द हैं, उन सबको यह लागू होता है। कोई भी शब्द लें, उसका पहला अर्थ भगवान होगा। फिर उस शब्द का जो अर्थ होगा, वह उसका दूसरा अर्थ होगा। पत्थर ! पत्थर भी भगवान है। पत्थर का पहला अर्थ भगवान। दूसरा अर्थ ढेला, एक मजबूत पदार्थ···। भगवान पत्थर के समान मजबूत हैं। मक्खन। पहला अर्थ भगवान। दूसरा अर्थ, गाय के दूध से जो एक विशिष्ट पदार्थ बनता है, वह। भगवान मक्खन जैसे मुलायम हैं। करुणा-वान, कोमल हैं। रामानुज ने कहा, भाषा में जितने भी शब्द हैं, सब-के-सब परात्मवाचक हैं। उन्हींमें से एक हजार नाम चुनकर नमूने के तौर पर विष्णु-सहस्रनाम में लिये गए हैं।

हर नाम, हर वस्तु भगवान है। कौआ आया, 'कांव कांव कांव' बोलने लगा। भगवान आये हैं, उनका स्वर सुन लीजिए, कौए का स्वर भगवान का ही स्वर है।

> पैल तो गे काऊ कोकताहे। शकुन गे माये सांगतसे
> ऊड़ रे ऊड़ रे काऊ। तुझे सोनेनि मढ़वीन पाऊ
> पाहुणे पढरिराऊ। धरा कैं येती।

ज्ञानदेव कौए से पूछते हैं, "अरे कौआ, तू मुझे शकुन बता, मेरे घर में पंढरीनाथ कब आयेंगे ?" कौआ कौन है ? भगवान की तरफ से संदेश लानेवाला है। हर वस्तु की तरफ इस तरह देखें कि जितने भी पदार्थ हैं, सब भगवान का रूप हैं, तो एक विशाल दृष्टि मिल जाती है। इसलिए सहज ही मेरा मन खींच लिया उस शब्द ने—सर्वलक्षणलक्षण्यः।

लेकिन विष्णुसहस्रनाम में जो चमत्कार है, वह उसके पहले शब्द में है—ॐ विश्वं विष्णुः वषट्कारः। पहले विश्वम् कहा, फिर विष्णुः कहा। विश्वम् पहले लिया, वह कविता के छंद की दृष्टि से लिया होगा, ऐसा मानने का कारण नहीं। वह कोई साहित्य-कृति थी नहीं। और 'ॐ विष्णुः विश्वं वषट्कारः' ऐसा बोलने में भी कोई बाधा नहीं आती, ठीक जमता है। लेकिन विश्वम् ही पहले लिया,

क्योंकि विश्वम् ही भगवान का पहला, प्रत्यक्ष, वाह्य प्रकट रूप है और विष्णुः उसके अंदर छिपा हुआ है, उसके अंदर प्रवेश किया हुआ है। वाह्यरूप विश्व है, प्रत्यक्ष रूप विश्व है, अंदर भगवान है। इसलिए,

आंख न मूंदो, कान न रूंधो
तनिक कष्ट नहिं धारौं
खुले नैन पहिचानौं
हंसि हंसि सुंदर रूप निहारौं
साधो सहज समाधि भली

दूसरा कोई सामने खड़ा होता, तो आंखें वंद करना पड़ता, लेकिन आंखें वंद करने की जरूरत नहीं, साक्षात् परमात्मा ही सामने खड़ा है। सामने परमात्मा ही बोल रहा है, दूसरा कोई नहीं है। कौआ बोल रहा है, तो सुनें, कान खोलकर सुनें, वह भगवान का ही शब्द है, नहीं तो परमात्मा को देखने के लिए कितना कष्ट करना पड़ता है। आसन (पलथी) लगाओ, सीधा बैठो, आंखें बंद करो··· उसमें कितनी तकलीफ है। लेकिन कबीर कहते हैं, "तनिक कष्ट नहीं धारौं। खुले नैन पहचानौं। हंसि हंसि सुंदर रूप निहारौं।" मुख्य बात है पहचानने की। इसलिए विष्णुसहस्रनाम में पहला ही नाम दिया—विश्वम्। वह एकदम ध्यान खींचता है।

सन्तः

जैसे स्नान करने से शरीर निर्मल होता है और प्रसन्नता मालूम होती है, वैसे ही भगवत् चिंतन से आध्यात्मिक स्नान होता है और बहुत प्रसन्नता का अनुभव होता है। प्रसन्नता क्या चीज है और किस तरह आती है, इसकी चिंता हम नहीं करते। लाख कोशिशें और चर्चा करेंगे, तो भी उसकी मीमांसा नहीं होने वाली है। अनेकों ने मीमांसा की है, लेकिन उसमें किसी को यश नहीं मिला।

परमेश्वर के स्मरण से, नाम-मात्र के उच्चारण से प्रसन्नता कैसे आती है, यह

गहरा विषय है। एक मामूली-सी बात है निद्रा की अनुभूति। निद्रा की अनुभूति सबको होती है, लेकिन निद्रा किस तरह आती है, इसकी कोई मीमांसा अभीतक नहीं हुई है। योग-शास्त्र में कहा है, अभाव-प्रत्ययालंबना वृत्तिः निद्रा—निद्रा एक वृत्ति है, जिसका आधार अभाव की अनुभूति है। उपनिषद कहती है कि निद्रा में जीवात्मा परमात्मा में लीन हो जाता है और अज्ञान की उपाधि चित्त को रहती है। सील-बंद किया हुआ लोटा नदी में लीन होता है, उसी तरह जीवात्मा, अहंकार-वेष्टित आत्मा परमात्मा में लीन होता है। अगर वह अहंकार-वेष्टित न हो, तो पानी में पानी मिल जायेगा। मुक्ति का अनुभव आयेगा। लेकिन निद्रा में सील-बंद लोटा पानी में डालने-जैसी अनुभूति होती है, यानी मुक्ति का इतना अनुभव आता है। वैज्ञानिकों ने निद्रा की ज्यादा व्याख्या की है और कहा है कि निद्रा में भी जाग्रति होती है और जाग्रति में निद्रा होती है। जाग्रति में एक क्षण पूर्ण जाग्रति, एक क्षण थोड़ी निद्रा…इस प्रकार चलता है; निद्रा में एक क्षण गाढ़ निद्रा, एक क्षण थोड़ी जाग्रति…ऐसा चलता है। उसके अलावा स्वप्न भी आते हैं तो जाग्रति का मसाला बढ़ता है। जाग्रति में आलस्य आये, तो निद्रा का मसाला बढ़ता है। विज्ञान, उपनिषद की अनुभूति, योग-शास्त्र का आधार आदि सब मिलकर भी निद्रा की व्याख्या नहीं हो सकती। संतों ने कहा है, "जब चाहो तब खोलो किवरवां", इस तरह चाहे जब निद्रा और चाहे जब जाग्रति, यह अनुभूति सबको नहीं होती।

जहां निद्रा की यह बात है, वहां भगवद्भाव का चित्त पर क्या असर होता है, नाम-स्मरण से प्रसन्नता कैसे निर्माण होती है, यह कौन बतायेगा ? मैं गीता का परम भक्त हूं, तिस पर भी गीता के पठन का मुझपर वह असर नहीं होता है, जो विष्णुसहस्रनाम के पठन का होता है। गीता में चिंतन-मनन होता है। जीवन के साथ उसका संबंध रखते हैं, तो बहुत लाभ होता है, बहुत बड़ी खुराक उससे मिलती है। लेकिन विष्णुसहस्रनाम से स्नान होता है। खुराक से पोषण मिलता है, ज्ञान, ध्यान, कर्म, भक्ति, योग, चित्त-विकास, विभूति-विस्तार, आत्मानात्मविवेक आदि विविध खुराक गीता से मिलती है, जिससे पुष्टि मिलती है। लेकिन विष्णुसहस्रनाम से स्नान होता है, मन धुल जाता है, तो वह एक विशेष अनुभूति है।

इसके अलावा मुझे ऐसा भी अनुभव है कि कहीं मैं खुली हवा में जाता हूं, पहाड़, नदी, आसमान की तरफ देखता हूं, तो किसी तरह मेरे अंतर्गत भाव खुल

जाते हैं। यह नहीं कि इस तरह के स्नान के लिए विष्णुसहस्रनाम अनिवार्य है। अनिवार्य कुछ भी नहीं है, सिवा इसके कि हमारा दिल खुला हो, जिससे भगवद्-भाव, सद्भाव दिल में प्रविष्ट हो सके। इसके लिए दिल खुला हो, इससे अधिक कुछ नहीं चाहिए। चित्त का दरवाजा खुला हो, निःशंक, निरुपाधिक भाव हो, तो वह अनुभूति कहीं भी आ सकती है।

विष्णुसहस्रनाम में भगवान के हजार नाम वताये हैं। उसके असंख्य गुण हैं और असंख्य नाम हैं। मनुष्य की वाणी से उसके गुण प्रकट हों, यह असंभव है। जो परम ज्ञानी है, वाग्वीर है, भगवत्कृपा से जिनमें वाक्शक्ति का प्रादुर्भाव हुआ है, उनकी वाणी भी छोटी पड़ती है, जहां भगवद् वर्णन का प्रसंग आता है। लेकिन साधकों की साधना के लिए ये सारे साधन वताये गए हैं, जिनमें विष्णुसहस्रनाम भी एक है। वह अंतर्यामी भगवान कैसा है, यह विवेक से ही जाना जा सकता है।

आज मैं विष्णुसहस्रनाम पढ़ रहा था, तो एक शब्द की तरफ मेरा ध्यान खिंचा। इस तरह कभी-कभी कोई शब्द ध्यान खींचता है। विष्णुसहस्रनाम में व्याकरण के अनुसार भगवान के नाम एक वचन में वताये हैं। जैसे दामोदरः, केशवः, माधवः। परंतु एक नाम वहुवचन में आया है, जो एकदम ध्यान खींचता है। वाकी कुल-के-कुल नाम एकवचन में और एक ही नाम वहुवचन में। वह नाम है सन्तः। इसपर मैं खूब सोचता रहा। सन्त नाम का कोई अकारांत शब्द होता, तो उसका एकवचन सन्तः होता। लेकिन ऐसा कोई शब्द नहीं। सन्तः वहुवचन ही है। सारे एकवचनों के प्रवाह में यह एक वहुवचन वाला शब्द कुछ अटपटा-सा लगता है।

सन्तः। सत्पुरुषों के समूह को भगवन्नाम के तौर पर ग्रहण किया है और यह वहुवचन का शब्द वनाया है। किसी एक सत्पुरुष को भगवान माना जा सकता है। ऐसे, पत्थर को भी भगवान माना जा सकता है। अश्वत्थ वृक्ष को भी भगवान माना गया है, तो फिर सत् एकवचन में ही क्यों नहीं कहा गया? सत्पुरुषों में एक-एक भगवत्कला प्रकट होती है, तो साकल्य का आरोप किसी एक पर करना कठिन होता है। मानव होने के नाते सत्पुरुष में भी कुछ दोष गुण-च्छाया के रूप में होते हैं। उनको दोष नहीं मानना चाहिए, वल्कि गुण की छाया मानना चाहिए। फिर भी उसपर साकल्य का आरोप करना कठिन मालूम होता है। सृष्टि के अचेतन पदार्थों पर साकल्य का आरोप सहजरूप से हो सकता है।

परंतु किसी पुरुषविशेष पर भगवान आरोप किया जाय, यह कठिन है। बहुत हुआ तो उस पर भगवत अवतार का आरोप किया जा सकता है। उसमें भगवत अंश है, ऐसा कहा जा सकता है। भगवान कृष्ण को हम पूर्ण अवतार मानते हैं, वह हम अपनी कृष्णभक्ति के कारण कहते हैं, लेकिन पूर्ण और अवतार, इन दो शब्दों में ही विरोध है। इसलिए शंकराचार्य ने गीताभाष्य में कहा कि भगवान अपने एक अंश में कृष्णरूप में प्रकट हुए, बावजूद इसके कि जमाना बोल रहा था कि कृष्ण पूर्णावतार है। कृष्ण को पूर्णावतार माना गया, वह भक्तों की भावना की भाषा है। लेकिन शंकराचार्य की भाषा में कहा गया कि किसी एक पुरुषविशेष पर साकल्येन परमात्मा का आरोप नहीं किया जा सकता, क्योंकि उसमें गुणदोष होते हैं।

हजारों वर्षों के बाद किसी पुरुषविशेष का नाम अनेक भावनाओं का पुट चढकर भगवन्नाम बन जाता है। जैसे होमियोपैथी में घोटकर दवा की पोटेन्सी (शक्ति) बढ़ायी जाती है, वैसे ध्यान से नाम की पोटेन्सी बढ़ती है। मर्दनं गुणवर्धनम्। जितना मर्दन किया जाय, उतनी गुणवृद्धि होती है। भगवान के नामों का ध्यान करके असंख्य ऋषियों ने अपने ध्यान के पुट किसी नाम पर चढ़ाकर उसकी पोटेन्सी बढ़ायी हो, यह होता है। अगर मैं नया विष्णुसहस्रनाम लिखूं, तो उसके नाम पर मेरे ही ध्यान का पुट चढ़ेगा, लेकिन पांच हजार वर्षों से ऋषि-मुनियों के ध्यान के पुट जो आज के विष्णुसहस्रनाम पर चढ़े हैं, वैसे उसपर नहीं चढ़ेंगे। लेकिन मुमकिन है, मैं नयी गीता लिखूं, तो पुरानी गीता के गुणों को लेकर उसमें और वृद्धि भी कर सकूं। यह काम तो कोई असामान्य पुरुष ही कर सकेगा, फिर भी वह संभव है। परंतु विष्णसहस्रनाम पर जो अनेकों के ध्यान के पुट चढ़ चुके हैं, वे नये नामों पर कैसे आयेंगे? नये नामों में उनका आविर्भाव कैसे होगा? उसके हर नाम पर ध्यान से पुट चढ़े हुए हैं। किसी एक पुरुषविशेष के नाम पर ध्यान के पुट चढ़ते-चढते, उसके गुणों का बढ़ाव और दोषों का घटाव होते-होते आखिर गुण ही रह गये, यह होता है और किसी एक अवतार पर पूर्णता का आरोप किया जाता है।

इस तरह कभी-कभी ध्यान का पुट चढ़ते-चढ़ते कोई एक पुरुषविशेष ईश्वर की योग्यता पा लेगा, लेकिन सामान्यतया एक पुरुष पर साकल्य का आरोप करना असंभव है। इसलिए सन्तः बहुवचनांत शब्द इस्तेमाल किया गया। सत्पुरुषों का

समूह भगवत समूह ही है। सत्पुरुषों की एक ही जमात है। फिर वे दुनिया के किसी भी गोशे में पैदा हुए हों, उनका एक नाता है। उन सबका अंदरूनीताल्लुक है। कुरानशरीफ में कहा है, उम्मतुकुम् उम्मतन् वाहियुतन्—तुम्हारी उम्मत (जमात) वाहिद (एक) है। तुम सब सत्पुरुष, जो दुनिया में रसूल हो गये, सबकी एक ही जमात है। सत्पुरुषों के समूह को ध्यान में लेकर सन्तः इस बहु-बचन का उपयोग किया गया होगा, जो भगवान का नाम बन गया है।○

मम तेजोंऽशः

विश्वमूर्तिः महामूर्तिः दीप्तमूर्तिः अमूर्तिमान्—ये भगवान के चार नाम हैं।

विश्वमूर्ति। गीता के ग्यारहवें अध्याय में भगवान ने विश्वरूप दिखाया है। कुल-का-कुल विश्व भगवान का रूप है। यह रूप अर्जुन को दिव्य दृष्टि से देखने को मिला। वह हमको कहां देखने को मिलेगा? हमारी दृष्टि तो इतनी दूर जाती नहीं। दूरबीन लेकर देखें, तो आसमानके सितारे बड़े दीखने लगेंगे और हमारी दृष्टि को जो नहीं दीख रहे हैं वे कुछ दूरबीन से दीखने लगेंगे, लेकिन दूरबीन से भी दीखते नहीं, ऐसे भी करोड़ों सितारे हैं। दूरबीन से अधिक-से-अधिक इतना ही दीखेगा। तब कुल विश्व कैसे दीख सकेगा? हमको विश्व का एक अंश ही दीखता है, पूरा विश्व दीख नहीं सकेगा। अर्जुन को जो दिखाई दिया, वह दिव्य दृष्टि से दिखायी दिया। विश्वरूप यानी विश्वमूर्ति।

महामूर्ति और दीप्तमूर्ति, ये और दो रूप। महामूर्ति यानी बड़ा, विशाल, वैभवशाली, ऐश्वर्यवान। दीप्तमूर्ति यानी जहां तेजस्विता है, कांति है, बुद्धिमता है। जहां ऐश्वर्य ही नहीं, कांति भी प्रकट होती है, ऐसी मूर्ति दीप्तमूर्ति है। ऐसा बहुत ऐश्वर्यवान या कांतिमान व्यक्ति या वस्तु दीखे, तो उसको भगवान समझ-कर प्रणाम करना चाहिए। ये भगवान के रूप हैं। भगवान को व्यक्त करने के साधन हैं।

ऐसे तो छोटे-मोटे सभी रूप भगवानके ही रूप हैं। लेकिन छोटा रूप एकदम ग्रहण नहीं होता। छोटे अक्षरों में लिखा हुआ 'क' बच्चा एकदम पढ़ नहीं पायेगा, वही बड़े अक्षर में लिखा हो तो वह एकदम पढ़ लेगा। वैसे दुनिया में भगवान के छोटे-छोटे रूप हैं, वे एकदम ग्रहण नहीं होते। इसलिए जो आकर्षक रूप हैं, वे एकदम ग्रहण होते हैं, उन्हें पहले ग्रहण करें, उनका ध्यान करें। ध्यान के लिए दो प्रकारों में से कोई भी चुन सकते हैं—महामूर्तिः दीप्तमूर्तिः।

गीता के दसवें अध्याय में यही है—विभूतियोग। उसमें दोनों प्रकार के रूपों का वर्णन आता है :

यद्यद्विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा
तत्तदेवावगच्छ त्वं मम तेजोंऽशसंभवम्।

लक्ष्मीवान या उदात्त ऐसी जो विभूतियां, या वस्तु हैं, वे मेरे ही अंश हैं। लक्ष्मी-वान या उदात्त। कोई राजा मिला, राष्ट्रपति मिला, वहां ऐश्वर्य प्रकट हुआ, तो भगवान की महान विभूति प्रकट हुई। कोई ज्ञानवान, वैराग्यवान मनुष्य मिला तो भी भगवान की विभूति प्रकट हुई। ऐसे मनुष्य के पास न दंड है, न गाड़ी है, न सेवक है, लेकिन उसके पास ज्ञान है, दीप्ति है। वह भी भगवान का रूप है। भगवान ने कहा, ये विभूतियां हैं, मेरे किरणों से निकली हैं। एक है लक्ष्मीवंत विभूति और एक है उदात्त विभूति। एक है विष्णु के समान ऐश्वर्यशाली, वैभव-शाली, एक है महेश्वर के समान वैराग्यशाली, ज्ञानशाली, ऐसे दो प्रकार की विभूतियां लेकर परमेश्वर को ग्रहण करो, ऐसा पदार्थपाठ दसवें अध्याय में दिया है।

महामूर्ति दीप्तमूर्ति, कहकर—इतना समझा कर—फिर कह दिया अमूर्ति-मान—अमूर्त मूर्ति। इसको मूर्ति है नहीं, आकार है नहीं। पहले स्लेट पर लिखा और फिर साफ मिटा दिया। भगवान कैसे हैं ? अमूर्तिमान। इसका वर्णन गीता में तेरहवें से पंद्रहवें अध्याय तक दिया है। उसमें जो पुरुषोत्तम है, वह अमूर्त है। विश्वमूर्तिः महामूर्तिः दीप्तमूर्तिः अमूर्तिमान।

इस तरह से दस, ग्यारह, तेरह, चौदह, पंद्रह, ऐसे पांच अध्याय एकत्र मिल जाते हैं। विष्णुसहस्रनाम ऐसे चिंतन के लिए थोड़े में सब-कुछ है। जैसे सैक्रीन की टिकिया होती है। एक कण-भर सैक्रीन पानी के एक प्याले में डाल दें, तो सारा पानी मीठा हो जाता है, वैसा यह विष्णुसहस्रनाम है।○

देवकीनंदनः

विष्णुसहस्रनाम में एक नाम है देवकीनंदनः। देवकीनंदन यानी क्या ? जो भगवान् का अवतार कृष्ण के भक्त हैं, वे स्वाभाविक मानेंगे कि देवकी के उदर में जन्मे भगवान् कृष्ण का यह स्मरण है। लेकिन सोचने की बात होती है। देवकी नाम, कृष्ण की माता देवकी से पुराना है। देवकी नाम की कृष्णमाता हो गई, पर नाम तो पहले ही से था, इसलिए उसके पिता ने उसका नाम देवकी रखा। देवकी के साथ वह नाम जन्मा नहीं, पहले था।

क्या अर्थ था उस नाम का ? देवकी यानी भक्ति। आजकल भक्ति नाम रखते ही हैं। देवकी यानी भक्ति। भक्ति के पेट में जन्म पानेवाला भगवान देवकीनंदन या भक्ति से आनन्दित होनेवाला भगवान् देवकीनंदन।

अमृताशः यानी जिसकी आशा अमृत है। जिसकी अमर आशा है, वह अमृताशः। कहीं अमृतांशः छपा हुआ है, वह गलत है। उसका भी अर्थ है, लेकिन शांकरभाष्य के अनुसार अमृताषः होना चाहिए। वैसे ही दिवःस्पृक् है। कहीं दिविस्पृक् छपा है। आधुनिक व्याकरण के अनुसार दिविस्पृक् ठीक है। ऋग्वेद में दिव.स्पृक् शब्द आता है। दिवःस्पृक् चरण के लिए भी अनुकूल पड़ता है। शांकरभाष्य में दिवःस्पृक् ही है। दिवःस्पृक् यानी स्वर्ग में स्थिर, जैसे युधिष्ठिर यानी युद्ध में स्थिर। दिवःस्पृक् यानी स्वर्ग को छूनेवाला। 'दिवःस्पर्शति' यहां षष्ठी कर्म के अर्थ में उपयोग में लाई है।

ऊर्ध्वगः। परमात्मा ऊर्ध्वगामी है। जो साधक निरन्तर ऊर्ध्वगामी रहते हैं, वे दुनिया में परमात्मा की मूर्ति हैं। हमेशा जहां है, उससे ऊपर जाकर कोशिश करनी चाहिए। और इसका भान रखें कि इस दुनिया में ऊंचे चढ़ने का हमेशा बाकी है। यह नहीं होगा कि अब तो पहुंच गये, अब चढ़ने की आवश्यकता नहीं। ऐसा कभी नहीं होगा। परन्तु समाधि में ऊंचे जाने के बाद फिर नीचे आते हैं। वैसा अनुभव नहीं आयेगा। ऊंचे ही जाना है, नीचे आने के लिए अब अवकाश नहीं, इसलिए ऊर्ध्वगामी।

ऊर्ध्वग सत्पथाचारः। इधर एक ओर ऊपर जाने की कोशिश करते हैं और दूसरी ओर सत्पुरुषों के पथ पर चलते रहते हैं, क्योंकि सज्जनों के बनाये रास्ते

से असंख्य लोग जायेंगे, उनके साथ जाना चाहिए। सबके साथ रहने से व्यक्तिगत साधना में भी शक्ति मिलती है और हमारी शक्ति दूसरोंको मिलती है। अन्योन्य शक्तिलाभ होता है। इसलिए सज्जनों का दिया आचरण का, नीति का जो मार्ग है, उस मार्ग से जाना है। इसका मतलब यह नहीं कि इसमें संशोधन नहीं होगा। संशोधन होता रहेगा, लेकिन संशोधन होने के बाद भी यह सत्पथ, सन्मार्ग है।

ऊर्ध्वगः सत्पथाचारः प्राणदः। प्राणदः यानी दूसरों के लिए प्राण देनेवाला। मनुष्य अपने में प्राण धारण करता है। क्वचित् ऐसा मनुष्य दूसरे के लिए अपना प्राण न्योछावर करने के लिए राजी होता है। भगवान् सबको प्राण देते रहते हैं, नीचे की योनि से ब्रह्मदेव तक।

भ्राजिष्णुः। भगवान खूब तपाता है। लेकिन सहिष्णुः भी है—सहन भी करता है। तपाता भी खूब है, सहन भी खूब करता है। ○

स पिता प्रपिता

विष्णुसहस्रनाम में भगवान के नाम आते हैं—सपिता प्रपितामहः। एक पाठ सविता भी है। लेकिन मैंने स पिता पाठ कुछ बेहतर माना। ऐसे तो इसका निर्णय दे नहीं सकते, क्योंकि वह बहुत पुराना ग्रंथ है और हजारों साल से अनेकों के कंठ में रहा है। इसलिए नये पाठभेद तैयार हुए होंगे। फिर भी, सविता के बदले स पिता—'वह पिता' ठीक लगता है। रवीन्द्रनाथ ने भी कहा है तुमि आमादेर पिता। वेद में भी बहुत दफा यह संज्ञा आयी है और बाइबिल में भी भगवान को पिता की संज्ञा है।

अपने यहां अनेक विचार-श्रेणियां हैं। कुछ भक्ति-संप्रदाय पिता को प्राधान्य देते हैं और भगवान को पिता मानते हैं। दूसरे भक्ति-संप्रदाय, खासकर दक्षिण भारत के, भगवान को पिता के साथ-साथ माता की संज्ञा देते हैं।

कुरान में कहा है कि तुम न किसी के बेटे हो, न किसी के बाप हो। अगर हम ठीक से सोचें, तो यह बात ठीक है। दशरथ का बेटा राम हो गया। प्रद्युम्न का

पिता कृष्ण हो गया। इस तरह ऐतिहासिक पुरुषों के साथ भगवान को जोड़ने की कल्पना उपासना के लिए की गई। वास्तव में ईश्वर को पिता कहना, यानी उसकी योग्यता कम करना है। लेकिन हम अज्ञानी जीव और हमको जो प्रेम का अनुभव आया वह माता, पिता, भाई, बहन के प्रेम का, तो हमारे अनुभव की भाषा में हम भगवानका वर्णन करते हैं। यह हमारी असमर्थता है। हमारी वाणी पंगु है। यह विराट् विश्व इतना व्यापक विशाल है! अनन्त तारे जिसके एक अंश मात्र में समाये हुए हैं, उसका प्रेम, शक्ति, ज्ञान आदि का वर्णन हमारी भाषा में कैसे आ सकेगा? विष्णुसहस्रनाम में ही आता है, भगवान शब्दातिग:—शब्द के परे हैं, लेकिन शब्दसह:—शब्द सहन करनेवाले हैं। उन्होंने हमारा पिता शब्द भी सहन कर लिया है।

स पिता—स: पिता शब्द हम सबको जोड़ता है। लेकिन दुर्दैव की बात है कि भगवान का नाम लेने से ही हम अलग-अलग हो जाते हैं। मैं मानता हूं कि धर्म पंथ आदि भक्ति की ओर ले जानेवाले साधन के तौर पर बनाये गए थे। लेकिन अब वे विघ्न बन गये हैं और उनका उपयोग समाप्त जैसा है। इसलिए अब वे साधन के तौर पर काम नहीं देंगे। हमको केवल आध्यात्मिक तौर से ही भगवान के बारे में सोचना होगा।

हम मूल स्वरूप हैं और उससे हम जुड़ जाते हैं, तो एक तत्व स्थापित होता है। अद्वैत की कल्पना जबतक शरीर है तबतक कल्पनामात्र है। हम खाने बैठें और समझें कि ईश्वर को ही हम खा रहे हैं तो वह लगभग अकल्पनीय वस्तु है। ऐसा अनुभव आये, तो खाना कैसे बनेगा? इसलिए करने की चीज यह है कि मानव और उसके साथ रहनेवाले दूसरे जो प्राणी हैं, जिनकी हम सेवा लेते हैं, उनका सबका एक परिवार है, इतना समझ लेंगे तो बस है।

अमानी मानद:, इन दो नामों का बहुत उपयोग हुआ है। भक्त कैसा होना चाहिए? चैतन्य महाप्रभु का श्लोक है -

तृणादपि सुनीचेन तरोरिव सहिष्णुना,
अमानिना मानदेन कीर्तनीय: सदा हरि:

हमेशा भगवान का चिन्तन करता है और नम्र इतना होता है कि अपने को तिनके के समान मानता है। तरु के समान सहिष्णु, कोई काटे तो भी सहिष्णु, और स्वय अमानी है। अपने को मान नहीं देता, लेकिन दूसरों को मान देता है—

अमानिना मानदेन। ये विष्णुसहस्रनाम के ही शब्द हैं। तुलसीदास ने कहा है, भगवान राम कैसे हैं ? बानि बिसारनसील है मानद अमान की। सबको मान देते हैं और स्वयं अमानी हैं। भागवत में आया है, भक्त कैसा होता है ? अमानी मानदः कल्पो मैत्रः कारुणिकः कवि। ऐसे ये दो नाम हैं, खुद अमानी और दूसरों को मान देनेवाला—मानदः।○

कवियों पर असर

मैंने कई बार कहा है कि विष्णुसहस्रनाम हजारों वर्षों से घोटा हुआ है। होमिओपैथिक की दवा घोटी जाती है, जितनी अधिक घोटी हुई होगी, उतनी उसकी पोटेन्सी (शक्ति) अधिक मानी जायगी। वैसे ही विष्णुसहस्रनाम की पोटेन्सी प्राचीनकाल से आजतक नित्य बढ़ती आयी है।

विष्णुसहस्रनाम में उसके पहले के ग्रंथों से नाम लिये हैं, यह तो साफ है। उसके पहले के ग्रंथ यानी वेद, उपनिषद हैं। वेद-उपनिषदों में जो भगवान के नाम हैं, वे विष्णुसहस्रनाम में आते हैं। अन्नं अन्नाद एव च, विष्णुसहस्रनाम में यह आया है। अहमन्नं अहमन्नं, अहमन्नम्, अहमन्नादः, अहमन्नादः, अहमन्नादः, तैत्तिरीय उपनिषद में है। "मैं अन्न हूं, मैं अन्न हूं, मैं अन्न हूं", मैं अन्न खानेवाला हूं, मैं अन्न खानेवाला हूं,मैं अन्न खानेवाला हूं", उसी पर से लिया—अन्न अन्नाद एव च।

वेद-उपनिषद का लाभ लेकर उसमें से नाम ले लिये, इसमें आश्चर्य की बात नहीं, क्योंकि विष्णुसहस्रनाम उसके बाद हुआ है। लेकिन हमें यह देखने में मजा आता है कि पीछे—विष्णुसहस्रनाम के बाद—किस पर उसका असर हुआ है। शायद ही संस्कृत का कोई कवि होगा या भारत का कोई सन्त होगा, जिसके सामने विष्णुसहस्रनाम न हो, उसने उसमें से कोई शब्द लिया न हो।

तुकाराम ने कहा है—"तूं आमुच्या जीवाचें जीवन। अमृताची तनु। (तू हमारे जीवन का जीवन अमृत की तनु) इसमें 'अमृत की तनु' है, वह विष्णु-सहस्रनाम का शब्द—अमृताशः, अमृतवपुः। उसका तर्जुमा करके अमृताची

तनु कह दिया। ज्ञानदेव कहते हैं—अनंत वेषें अनंत रूपें देखिलें तयासि। अनंत-रूपो अनंतश्रीः—विष्णुसहस्रनाम के नाम। इस प्रकार सन्तों ने उसका उपयोग किया।

कवि कालिदास रघुवंश लिखने जा रहे हैं। कहते हैं, रघुओं का महान् वंश! इतना ऊंचा वंश! मैं इतना ठिंगना, छोटा-सा आदमी हूं और वह वृक्ष इतना ऊंचा है! ठिंगने व्यक्ति के हाथ में उस वृक्ष का फल आयेगा नहीं। कोई ठिंगना आदमी ऊंचे वृक्ष का फल लेने जायेगा, तो कैसा हास्यास्पद होगा। वैसे ही रघुवंश का वर्णन मैं करने लगूं, तो वह हास्यास्पद होगा। **प्रांशुलभ्ये फले लोभात् उद्‌बाहुर इव वामनः**, जो फल 'प्रांशुलभ्य' है, ऊंचे आदमी को ही प्राप्त हो सकता है, मैं ठिंगना मनुष्य उसे लेने जाऊं तो मिलेगा नहीं। कौन-सा फल? नारियल। तो वह जितना हास्यास्पद होगा, उतना ही मेरा रघुवंश का वर्णन करना हास्यास्पद होगा। विष्णुसहस्रनाम में **उपेंद्रो वामनः प्रांशुः** ऐसे दो परस्पर-विरोधी नाम हैं। इनमें से **प्रांशु** और **वामन** उठाकर कालिदास ने काव्य बनाया।

अमानी मानदो मान्यः, ये विष्णुसहस्रनाम के नाम! **अमानी**—खुद के लिए मान नहीं चाहता, लेकिन **मानदः**, दूसरे को मान देता है। बच्चा कैसा होता है? उसे खुद को मान नहीं होता, वह सरल है, और वह दूसरे को भी मान नहीं देता है। लेकिन यह वैसा नहीं। यह बालक नहीं है, इसे खुद को मान नहीं है, लेकिन बड़ा होकर दूसरे को हमेशा मान देता है, प्रौढ़ की तरह। ऐसे दो गुण उसमें होंगे। चैतन्य महाप्रभु कहते हैं, हमेशा हरिकीर्तन करना अच्छा लगता है तो कैसे रहना? **तृणादपि सुनीचेन। तरोरिव सहिष्णुना। अमानिना मानदेन कीर्तनीयः सदा हरिः**, अपने को तृण से भी छोटा मानें, पेड़ के समान सहिष्णु हों, अपने को मान न हो, दूसरे को मान दें और हमेशा हरि का कीर्तन करें। इस एक श्लोक में चैतन्य महाप्रभु का पूरा विचार आ गया है।

इस तरह भारत के सन्तों और कवियों पर विष्णुसहस्रनाम का असर है।○

अखंड स्मरण

बालूभाई मेहता : विष्णुसहस्रनाम का पाठ नामों के अर्थ समझकर करने में और अर्थ न समझकर करने में, परिणामों में कोई फ़रक आयेगा? प्रार्थना में अर्थ

की ओर ध्यान देना चाहिए या परमेश्वर का चिंतन ही करना चाहिए ?

बाबा : रामानुज का एक बहुत ही प्रसिद्ध वचन है कि कोश में जितने शब्द हैं, उन सबका अर्थ भगवान है। विष्णुसहस्रनाम में हजार नाम हैं। निर्वाणं भेषजं भिषक्। वैद्य भी भगवान है, औषध भी भगवान है और मरण भी भगवान है। इस प्रकार परमेश्वर के हजार नाम दे दिये। लेकिन परमेश्वर के हजार ही नाम होंगे, तो परमेश्वर बहुत सीमित हो जायगा। तो रामानुज ने कहा कि कोश में जितने शब्द हैं,वे सब परमेश्वरवाचक शब्द हैं। लेकिन ये जो हजार नाम भगवान के भगवान व्यास ने प्रचारित किये और हजारों लोगों ने उनका जप किया, वे हजारों सालों से घोटे गये हैं। घोटे हुए नाम हैं। उसको मैंने नाम दिया है. होमिओपैथी की दवा। होमिओपैथी की दवा जितनी घोटी गई, उतनी उसकी शक्ति अधिक होती है। वैसे ये नाम हजारों बरसों से जपे गये हैं, इसलिए उनकी ताकत बढ़ी है। रामानुजका वचन सही है। जितने भी शब्द हैं, सबका अर्थ भगवान है। कोश में शब्द के जो अर्थ दिये होते हैं, वे गौण हैं, मुख्य अर्थ भगवान है। ऐसी हालत में प्रार्थना में जो भी बोला जायगा, वह भगवत्-स्मरण ही रहे और सब मिलकर बोलने से सामूहिक उच्चारण होता है, उच्चारण का भी महत्त्व होता है, वह माना जाय। शब्द के अर्थ की तरफ ध्यान देना या नहीं ? एक बार अर्थ तो कर ही चुके हैं, इसलिए पाठ के समय अर्थ की ओर ध्यान देना जरूरी नहीं। यस्य स्मरण-मात्रेण जन्म-संसार-बंधनात्—जहां तक विष्णुसहस्रनाम का ताल्लुक है, केवल स्मरणमात्र से काम होता है, तो अर्थ के झमेले में पड़ना जरूरी नहीं। शंकराचार्य ने उनका अर्थ किया है, औरों ने भी किया है, लेकिन प्रथम शंकराचार्य ने किया। वाचस्पतिरुदारधीः, एक नाम, दृढ़ संकर्षणोऽच्युतः एक नाम, इस प्रकार एक-एक नाम तय किये, हजार की संख्या बननी चाहिए, इस तरह और उसपर भाष्य लिखा। बाबा ने वह सारा देखा है, चिंतन भी किया है और स्वतंत्र अर्थ भी किये हैं। यह सब झमेला बाबा ने कर लिया है। लेकिन रोज जो पाठ करते हैं, उस समय उसका अर्थ करने की, चिंतन करने की, कोई जरूरत नहीं।

मैं हर नाम पर ताली बजाने को कहता हूं। वह इसलिए कि हर नाम ध्यान में रहे,कि कौन-सा कहां से शुरूहोता है—कः एक नाम। किम् एक नाम, यत् एक नाम, तत् एक नाम, पदमनुत्तमम् एक नाम—सारे एक-एक नाम। तात्पर्य स्मरणमात्रेण काम होगा, लेकिन कौन-सा शब्द कहां से शुरू होता है, यह समझने

के लिए ताली। ताल-वद्धता का इतना एक ही उपयोग है, अन्यथा कौन-सा नाम कहां से कहां तक है, यह कैसे समझें ? इसलिए नाम-स्मरण में कौन-सा नाम कहां से कहां तक है, यह थोड़ा ध्यान में आना अच्छा है। इसलिए ताली वजानी पड़ती है। भक्ति के साथ बुद्धि का उपयोग करना पड़ता है।

लेकिन बुद्धि का जितना उपयोग करेंगे, उतनी भक्ति कम पड़ेगी। इसलिए विष्णुसहस्रनाम में बुद्धि का उपयोग न हो। अखंड स्मरण ! उसको मैंने अभिषेक नाम दिया है। मेरी उसपर वहुत श्रद्धा है। ११ साल से पाठ चल रहा है, तो चार हजार आवृत्तियां हुईं।

वावा की तो दस-दस आवृत्तियां हो जाती हैं। एक वार तो पाठ होता है। फिर वीच-वीच में चिंतन के लिए देखते रहना, किस श्लोक में कितने नाम आये हैं, कौन नाम किस श्लोक में है, इत्यादि। वावा सोता है तो नींद आने तक विष्णु-सहस्रनाम वोलता है। फिर किस नाम पर नींद आयी, ध्यान में रखता है, तो अक्सर 'स्वापनः स्ववशो व्यापी' पर नींद आती है। उसके वाद भी नींद न आये तो वावा खुद को कहता है कि तुमने गलत काम किया, सुलाने वाला भगवान है, फिर भी नींद नहीं आती। वावा अपने-आपको डांटता है तो एकदम नींद आती है। नहीं आयी तो गुनहगारी महसूस होती है। दुःस्वप्ननाशनः। स्वप्न आये तो गलत बात। दुःस्वप्न भी नहीं और सुस्वप्न भी नहीं। इस प्रकार से मौके पर एक-एक नाम का उपयोग होता है।...

मनोहर, कुन्दर, ऐसे अपने बच्चों के नाम भी रखे जाते हैं। इस प्रकार वैष्णवों ने जन्म, मरण, बीमारी सबके साथ विष्णुसहस्रनाम का उपयोग किया। प्रार्थना, सद्गुणसंवर्धन के लिए भी किया है। लेकिन कितना भी उपयोग करो, वह सारा गौण है। मुख्य उपयोग यह है कि भगवान का नाम लिया जा रहा है।

असमाउलहुस्ना

(ईश्वर के सुन्दर नाम)

[पैगम्बर मुहम्मद साहिब एक बार अल्लाह के लिए लगातार ९९ नाम बोल गये। वे नाम 'अस्माउल् हुस्ना' के नाम से मशहूर हुए। नित्य जप में उनका प्रयोग होने लगा।

इन ९९ नामों का अर्थ विनोबाजी ने विष्णुसहस्रनाम के शब्दों में किया है। विष्णुसहस्रनाम नित्य पठन का ग्रन्थ है। अस्माउल हुस्ना के अर्थ में दिये विष्णुसहस्र-नाम के ये शब्द सहस्रनाम के ६४ श्लोकों में आये हैं। इनमें से कुछ शब्द सहस्रनाम में अन्य श्लोकों में भी आते हैं, पर वहां वे भिन्न अर्थ में आते हैं। इन ६४ श्लोकों का संदर्भ भी नामों के साथ दिया गया है।]

अस्माअुल् हुस्ना	विष्णुसहस्रनाम	वि. स. ना. श्लोक
१ अल्लाहु	परमात्मा	२
२ रहमानु	प्रियकृत्	९३
३ रहीमु	प्रीति-वर्धनः	९३
४ मलिकु	लोकनाथः ·	७८
५ कुद्दूसु	पूतात्मा	२
६ सलामु	शरणं-शर्म	१०
७ मुअ्मिनु	शांतिदः	६३
८ मुहैमिनु	रक्षणः	९९
९ अजीजु	जेता	१६
१० जब्बारु	महाबलः	१८
११ मुतकब्बिरु	महाशक्तिः	१९
१२ खालिकु	स्रष्टा	६३

१३ बारिअु	विधाता	५
१४ मुसव्विरु	विश्वकर्मा	६
१५ गफ्फारु	क्षमिणांवरः	९८
१६ कह्हारु	दारुणः	६१
१७ वह्हाबु	वरदः	३६
१८ रज्जाकु	वाजसनः	८५
१९ फत्ताहु	योगविदांनेता	३
२० अलीमु	सर्वज्ञः	४८
२१ काबिदु	प्रग्रहः	८१
२२ बासितु	उदारधीः	२३
२३ खाफिदु	दमयिता	९२
२४ राफिअु	उत्तारणः	९९
२५ मुअिज्जु	मानदः	८०
२६ मुजिल्लु	दर्पहा	७६
२७ समीअु	विश्रुतात्मा	२२
२८ बसीरु	सर्वदृक्	२२
२९ हकमु	नियंता	९२
३० अद्लु	समात्मा	१२
३१ लतीफु	सूक्ष्मः	४९
३२ खबीरु	विद्वत्तमः	९८
३३ हलीमु	सहिष्णुः	१६
३४ अजीमु	महान्	९०
३५ गफूरु	सर्वसहः	९२
३६ शकूरु	कृतज्ञः	९
३७ अलीयु	प्रांशुः	१७
३८ कबीरु	श्रेष्ठः	८
३९ हफीजु	गोप्ता	५३

४० मुकीतु	भूतभृत्	१
४१ हसीबु	पुष्टः	४२
४२ जलीलु	प्रतिष्ठितः	३५
४३ करीमु	भक्तवत्सलः	७८
४४ रकीबु	प्रजागरः	१०२
४५ मुजीबु	अनुकूलः	३७
४६ वासिअु	व्यापी	५०
४७ हकीमु	वैद्यः	१८
४८ वदूदु	सुहृत्	४९
४९ मजीदु	गुरुतमः	२३
५० बाअिसु	बीजमव्ययम्	४६
५१ शहीदु	साक्षी	२
५२ हक्कु	सत्यः	१२
५३ वकीलु	आधारनिलयः	१०२
५४ कवीयु	शक्तिमतांश्रेष्ठः	४३
५५ मतीनु	महावीर्यः	१९
५६ वलीयु	लोकबंधुः	७८
५७ हमीदु	स्तव्यः	७३
५८ मुह्सियु	कालः	४५
५९ मुब्दिअु	उद्भवः	४१
६० मुअीदु	समावर्तः	८३
६१ मुह्यियु	प्राणदः	८
६२ मुमीतु	शर्वः	४
६३ हय्यु	जीवनः	९९
६४ कय्यूमु	शाश्वतः	७
६५ वाजिदु	संग्रहः	१७
६६ माजिदु	शुचिश्रवाः	१३

६७ वाहिदु	एकः	७८
६८ अहदु	एकात्मा	१०३
६९ समदु	विविक्तः	२८
७० कादिरु	विक्रमी	९
७१ मुक्दिरु	क्षमः	४७
७२ मुकद्दिमु	भूतादिः	४
७३ मुअख्खिरु	अंतकः	५५
७४ अव्वलु	सर्वादिः	११
७५ आखिरु	विक्षरः	४०
७६ जाहिरु	व्यक्तरूपः	३३
७७ वातिनु	अव्यक्तः	७७
७८ वाली	शास्ता	२२
७९ मुतआलि	उदीर्णः	६७
८० बर्रु	पुरुसत्तमः	५४
८१ तव्वाबु	पापनाशनः	१०६
८२ मुन्तकिमु	शत्रुतापनः	८८
८३ अफूवु	सहः	४०
८४ रऊफु	सुंदः	८५
८५ मालिकुल्मुल्कि	लोकस्वामी	८०
जुल्जलालि	महातेजाः	७२
वलूइक्रामि	मान्यः	८०
८६ मुक्सितु	न्यायः	२४
८७ जामिअु	श्रीनिधिः	६५
८८ गनीयु	निधिरव्ययः	४
८९ मुग्नीयु	धनेश्वरः	५०
९० मानिअु	दुरारिहा	८३
९१ दार्रु	प्रतर्दनः	७

९२ नाभिमु	सिद्धिदः	२७
९३ नूरु	प्रकाशात्मा	३०
९४ हादियु	नेता	२४
९५ वदीअु	सर्‌गः	१७
९६ वाकी	सनात्	९६
९७ वारिसु	वंशवर्‌धनः	९०
९८ रशीदु	गुरुः	२३
९९ सबूरु	धृतात्मा	१७

विष्णुसहस्रनाम के अन्तर्गत विभिन्न धर्मों के नामों का उल्लेख

बौद्ध

१. सिद्धार्‌थ, सर्‌वज्ञ, सर्‌वदर्‌शी, शास्ता, महाबुद्धि; स्थविरः, भगवान्, यज्ञांतकृत्, निर्‌वाणम् ।

२. अशोकः आनन्दः (शिष्यनाम)
सर्‌वदृक्+सिंह=(अशोकचक्र)

सिख

अेकः—प्रणवः—सन्—कर्‌ना—पुरुषः
वीतभयः—जितामित्रः—कालनेमिनिहा
अजः—स्वयंभूः—गुरुः—सुप्रसादः

जैन

१. सिद्ध, वर्‌धमान, वीर—श्रमण—महानपाः
महावीर्‌य, तीर्‌थकर, नेमि (वृषभ) सिद्धार्‌थ

२. सर्‌व-योग-विनिः सृतः

पारसिक

वसुमनाः (सु-मनाची त्या देणगी जो करी देव-कार्‌य जगीं

महान्

जितमन्यु

खिस्तान

१. पूतात्मा—परमात्मा च—मुक्तानां परमागतिः

२. वाचस्पतिरयोनिजः। स पित्ता

यहूदी

महावीर्यः, महाशक्तिः

चीनी

विस्तारः—व्यापी (ताओ)

नाम-माला

ॐ तत् सत् श्री नारायण तू पुरुषोत्तम गुरु तू।
सिद्ध-बुद्ध तू स्कंद विनायक सविता पावक तू।
ब्रह्म मज्द तू यह्व शक्ति तू ईशु-पिता प्रभु तू।
रुद्र विष्णु तू राम कृष्ण तू रहीम ताओ तू॥
वासुदेव गो-विश्वरूप तू चिदानन्द हरि तू।
अद्वितीय तू अकाल निर्भय आत्मलिंग शिव तू॥